पर्चा डिक्री

़ायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक कलक्टर टिब्बी, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी :-श्री सत्यनारायण आर.ए.एस.

ण संख्या – 72/2025

ान : –

नवेन्द्र सिंह पुत्र विशाल सिंह जाति राजपूत निवासी टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़

वादी

बनाम्

विशालसिंह पुत्र हजारीसिह
अनुकंवर पत्नी विशालसिह
रणवीरसिंह पुत्र विशालसिह

जाति राजपूत निवासीयान टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादीगण

दावा बाबत घोषणा अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधि0 1955

डिक्री

दिनांक 7/3/25

ाज यह वाद मुझ सत्यनारायण उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष ़कील वादी श्री महेश गौड व वकील प्रतिवादी श्री सुनिल शर्मा अंतिम निपटारे/निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादी की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि चक नं0 5 जीजीआर के खाता सं0 3/4 व खाता सं0 51/50 व खाता सं0 143/104 व इसी चक के खाता सं0 144/48, एंव खाता सं0 145/140 चक नं0 6 जीजीआर के खाता सं0 252/230 चक नं० 9 जीजीआर के खाता सं0 73/64 मे दर्ज प्रतिवादीगण सं० 1 व 2 के नाम की आराजी का वादी खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है व इसी अनुसार रिकार्ड में अंकन कर चक नं0 5 जीजीआर के खाता सं0 3/4 मे से प्रतिवादीया सं0 2 अनुकंवर का नाम कलमजन, इसी चक के खाता सं0 51/50 मे से अनुकंवर व विशालसिह का नाम कलमजन, इसी चक के खाता सं0 143/104, इसी चक के खाता सं0 144/48, इसी चक के खाता सं0 145/140 में से विशालसिह का नाम कलमजन, चक नं0 6 जीजीआर के खाता सं0 252/230 में से विशालसिह का नाम कलमजन तथा चक नं० 9 जीजीआर के खाता सं0 73/64 मे से प्रतिवादी सं० 1 विशालसिह का नाम कलमजन किये जाने के आदेश दिए जाते है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। तहसीलदार राजस्व टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश नहीं हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 7/3/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
टिब्बी

Scanned with CamScanner